Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to resume the concession in railway fare given to senior citizens.

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण): सभपति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में अपनी बात रखने का अवसर दिया, उसके लिए आपका धन्यवाद। … (व्यवधान) महोदय, वर्ष 2011 के सेंसस के अनुसार हमारे देश में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या 11 करोड़ है और वर्ष 2026 तक बढ़ कर 17 करोड़ होने का अनुमान है। … (व्यवधान) वरिष्ठ नागरिकों को वर्ष 2020 तक कन्सेशन दिया जाता था, जिसमें महिलाओं को 50 प्रतिशत और पुरुष यात्रियों को 40 प्रतिशत डिस्काउंट दिया जाता था। … (व्यवधान) भारतीय रेल द्वारा कोरोना महामारी के पहले 53 कैटेगरीज़ को कन्सेशन दिया जाता था, जिसमें सीनियर सिटीज़ंस, स्टूडेंट्स, स्पोर्टपर्संस और मेडिकल प्रोफेशनल्स शामिल थे। वर्तमान में इन 53 में से सिर्फ 15 कैटेगरीज़ को कनसेशन मिल रहा है। … (व्यवधान) एक आरटीआई के जवाब में यह बताया गया है कि 4 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों ने भारतीय रेल को फुल फेयर दिया है। … (व्यवधान) इन वरिष्ठ नागरिकों में बहुत बड़ा वर्ग रिटायर्ड है और कोरोना महामारी के कारण बहुत लोगों की आर्थिक स्थिति भी बिगड़ी है। … (व्यवधान)

मेरा सरकार से निवेदन है कि इस मुद्दे को संवेदना के दृष्टिकोण से देखते हुए सीनियर सिटीज़ंस को दिए जाने वाले कन्सेशन को तत्काल प्रभाव से दोबारा शुरू किया जाए, जिससे इस वर्ग को लाभ मिल सके। धन्यवाद। … (व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल

…(व्यवधान)